पेपर संख्या–03

# सामान्य अध्ययन – I (2025)

1-निम्न कथनो पर विचार करो –
1 -अमोनिया का इस्तेमाल उर्वरकों, रेफ्रिजरेशन, प्लास्टिक, विस्फोटक, कपड़ा, कीटनाशक, रंग और अन्य रसायनों के निर्माण में भी किया जाता है।
2 -अमोनिया का उत्सर्जन सबसे अधिक कृषि से होता है इसके अलावा डिस्टलरी और टेनरी (चमड़ा उद्योग), सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट,सीमेंट और पेंट से भी इसका उत्सर्जन होता है.।
3 -पीने के पानी में अमोनिया की मात्रा 0.5 पीपीएम से ज्यादा नहीं होनी चाहिए सीमा से अधिक अमोनिया के कारण त्वचा में जलन, खुजली, चकत्ते और फफोले पड़ सकते हैं. इसके कारण मितली, उल्टी और पेट दर्द जैसी पाचन संबंधी समस्या हो सकती है।
4-यमुना में अमोनिया की मात्रा 3.2 पीपीएम से भी अधिक है
उपरोक्त में से सही है
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारोसहीहै

2-एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (EMRS) के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो –
1-यह पूरे भारत में SC और ST के लिये मॉडल आवासीय स्कूल बनाने की एक योजना है।
2 -प्रति उप-ज़िले में एक EMRS स्थापित किया जाएगा जिसमें कम से कम 20,000-अनुसूचित जनजाति (ST) की आबादी है और यह उस क्षेत्र की कुल आबादी का 50% होना चाहिये।
3-EMRS स्थापित करने के लिये न्यूनतम आवश्यक भूमि माप 15 एकड़ है।
4-जनजातीय छात्रों के लिये राष्ट्रीय शिक्षा सोसाइटी (NESTS) की स्थापना की गई और उसे स्टेट एजुकेशन सोसाइटी फॉर ट्राइबल स्टूडेंट्स (SESTS) का प्रबंधन सौंपा गया।
उपरोक्त में से सही है –
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

3-आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के आधार पर निम्न कथनो पर विचार करो –
1-कृषि क्षेत्र रोजगार में अग्रणी बना हुआ है पिछले छह वर्षों के दौरान रोजगार के लिए कृषि पर निर्भरता दो प्रतिशत बढ़ी है।
2-विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में रोजगार की हिस्सेदारी घटी है
3-कृषि क्षेत्र में महिला श्रमिकों की हिस्सेदारी में वृद्धि हुई है जबकि पुरुषों की भागीदारी घटी है
4-कृषि क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 16 प्रतिशत का योगदान देता है और लगभग 46.1 प्रतिशत आबादी का भरण-पोषण करता है
उपरोक्त में से सही है –
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प

(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

4-अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो-
1-अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में मतदाता सीधे उम्मीदवारों को वोट नहीं देते बल्कि इलेक्टर्स को चुनते है ये इलेक्टर्स राष्ट्रपति उम्मीदवार के नाम पर चुनाव लड़ते हैं।
2-जिस राज्य में जिस दल को इलेक्टोरल वोट्स अधिक मिलते है उस राज्य के सभी इलेक्टोरल वोट्स उस दल के उम्मीदवार को मिल जाते हैअमेरिका के सभी राज्यों में यही प्रचलन है ।अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में मतदाता सीधे उम्मीदवारों को वोट नहीं देते बल्कि इलेक्टर्स को चुनते है ये इलेक्टर्स राष्ट्रपति उम्मीदवार के नाम पर चुनाव लड़ते हैं।
3-डोनाल्ड ट्रम्प को 50 राज्यों की 538 में से 295 सीटें मिली है जबकि बहुमत के लिए 270 सीटें जरूरी होती हैं डेमोक्रेटिक पार्टी की कैंडिडेट कमला हैरिस 226 सीटें ही जीत पाईं।
4-ट्रम्प दूसरे विश्व युद्ध के बाद पहले राजनेता हैं, जो 4 साल के गैप के बाद दोबारा राष्ट्रपति बनें है ।
5-अमेरिका इतिहास में सिर्फ दो बार 2016 और 2024 में हुआ है जब वहां महिला राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनी थीं।
उपरोक्त में से सही है –
(a) 1, 3, 4 ,5
(b) 2, 3, 5
(c) 3, 4 ,5
(d) उपरोक्त सभी

5-निम्न कथनो पर विचार करो –
1-अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में सबसे अधिक इलेक्टोरल वोट्स टेक्सास प्रान्त के है ।
2-फ्लोरिडा के इलेक्टोरल वोट्स कैलिफोर्लिया से अधिक है ।
3-नेब्रास्का और मेन राज्य में इलेक्टोरल वोट्स सबसे कम है ।
उपरोक्त में से सही है –
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) कोई सही नहीं है

लक्ष्य IAS
keeping its promise of excellence

6-निम्न कथनो पर विचार करो –
1-अमेरिका में सीनेट संसद का ऊपरी सदन है। इसकी 100 सीटों में हर राज्य के लिए 2 सीटों की हिस्सेदारी है। इसकी एक तिहाई सीटों पर हर 3 साल में चुनाव होते हैं।सीनेटर 6 साल के लिए चुने जाते हैं
2-हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव में 435 सीटों के लिए हर 4 साल में चुनाव होते हैं।
3-अमेरिका में उच्च सदन यानी सीनेट ज्यादा ताकतवर है, क्योंकि इसे महाभियोग और विदेशी समझौतों जैसे अहम मसलों को मंजूर या नामंजूर करने का अधिकार होता है।
उपरोक्त में से सही है –
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) कोई सही नहीं है

7-अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो –
1-आईसीसी की स्थापना रोम संधि के तहत 2002 में की गई थी ।
2-आईसीसी के अनुसार जनसंहार, मानवता के ख़िलाफ़ अपराध, युद्ध अपराध और आक्रामकता का अपराध चार प्रमुख अंतरराष्ट्रीय अपराध हैं ।
3-इसका मुख्यालय नीदरलैंड के हेग में है ।
4-अमेरिका, इसराइल,चीन, पाकिस्तान, इंडोनेशिया और तुर्किए इसके सदस्य नहीं है जबकि भारत इसका सदस्य है ।

5-अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में आईसीसी के ख़िलाफ़ प्रतिबंध लगाए गए हैं ।.
6-यह कोर्ट किसी मामले की तभी सुनवाई करती है जब घरेलू या राष्ट्रीय अदालत से विवाद का निपटारा न हो पाए
उपरोक्त में से सही है -
(a) 1, 2, 3, 5 ,6
(b) 2, 3, 5
(c) 3, 4, 5
(d) उपरोक्त सभी

8-निम्न कथनो पर विचार करो
1 -ग़ज़ा पट्टी इस्रायल के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक 6-10 किमी चौड़ी और कोई 45 कि°मी° लम्बा क्षेत्र है।
2 -इसका सबसे प्रमुख शहर गज़ा है जिसकी सीमा मिश्र से लगी है ।
3 -इसका दूसरा प्रमुख शहर राफ़ा है जिसकी सीमा भूमध्य सागर से लगी है।
4 -इस पट्टी के दक्षिण से उत्तर के शहर है -रफाह, खान यूनुस, दीर अल बलाह और गज़ा।
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

9-ऑस्कर पुरस्कार के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो-
1 -भारत में सबसे पहले भानू अथैया को फ़िल्म 'गांधी' के लिए 'बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन कैटेगिरी के लिए ऑस्कर मिला था।
2-रसूल पोकुट्टी को 'स्लमडॉग मिलियनेयर' फ़िल्म के लिए 'साउंड मिक्सिंग' में ऑस्कर मिला था।
3-'स्लमडॉग मिलियनेयर' फ़िल्म के लिए 'ओरिजिनल सॉन्ग' के लिए गुलज़ार और 'ओरिजनल स्कोर' के लिए एआर रहमान को भी अवॉर्ड मिला था।
4 -'द एलीफ़ेंट व्हिसपरर्स'के लिए गुनीत मोंगा और कार्तिकी को 'बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट कैटेगिरी' में ऑस्कर मिला था।
5 -फ़िल्म 'आरआरआर' के गाने 'नाटू-नाटू' के लिए संगीतकार किरावानी और गीतकार चंद्रबोस को 'ओरिजिल सॉन्ग' कैटेगिरी में ऑस्कर मिला।
उपरोक्त में से सही है –
(a) 1, 2, 3 ,5 ,6
(b) 2, 3,5
(c) 3, 4, 5
(d) उपरोक्त सभी

10 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1 -खाद्य वस्तुओं का 'उपभोक्ता मूल्य सूचकांक' (CPI) भार (weightage) उनके 'थोक मूल्य सूचकांक' (WPI) में दिये गए भार से अधिक है।
2-WPI, सेवाओं के मूल्यों में होने वाले परिवर्तनों को नहीं पकड़ता, जैसा कि CPI करता है।
3-भारतीय रिज़र्व बैंक ने अब मुद्रास्फीति के मुख्य मान तथा प्रमुख नीतिगत दरों के निर्धारण हेतु WPI को अपना लिया है।
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

11 -यदि आर.बी.आई. प्रसारवादी मौद्रिक नीति का अनुसरण करने का निर्णय लेता है, तो वह निम्नलिखित में से क्या नहीं करेगा?
1-वैधानिक तरलता अनुपात को घटाकर उसे अनुकूलित करना

2-सीमांत स्थायी सुविधा दर को बढ़ाना
3-बैंक दर को घटाना और रेपो दर को भी घटाना
उपरोक्त में से सही है-
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

12- कथन -किसी भी बंद अर्थव्यवस्था में बचत हमेशा निवेश के बराबर होती है
कारण -वर्तमान समय में सरकार बचत को प्रोत्साहन देती है ताकि निवेश को बढ़ाया जा सके

13 -primary income अथवा factor इनकम में कौन-कौन सम्मिलित नहीं है -
1 -ब्याज
2 -किराया
3 -लाभ
4 -गिफ्ट
5 -फाइन
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) केवल 4 और 5

लक्ष्य IAS
Keeping its promise of excellence

14 -निम्न कथनो पर विचार करो -
1 -जिस देश का capital output ratio अधिक होगा वहाँ निवेश की संभावना भी अधिक होगी
2 -जिस देश का capital output ratio अधिक होगा उसका जीडीपी भी अधिक होगा
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों सही
(d) दोनों गलत

15 -निम्न में से कोनसा कार्य -कलाप अर्थव्यवस्था में financial sector से संबंधित है -
1 -किसी वाणिज्यिक बैंक का किसी व्यापारी कम्पनी को धनराशि उधार देना
2 -किसी corporate निकाय का विदेश में bonds जारी करना
3 -कपड़ा मिलों का कच्चे कपास को कपड़े में बदलना
4 -किसानो का अपनी फसलों का हार्वेस्टिंग करना
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) केवल 3, 4

16 -IMF के अनुसार advance economy वाले देश से अभिप्राय है -
1-उसकी per captia income बहुत ऊंची हो

2 -उसके निर्यात में विविधता हो
3 -उस देश में लोकतंत्र हो
4 -वह देश वर्षो से बड़े संगठनों का सदस्य हो
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

17-हाल में जारी जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक-2025 के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो -
1 -इस सूचकांक में डेनमार्क,नीदरलैंड और यूनाइटेड किंगडम इस वर्ष अग्रणी रहे हैं
2 --इस सूचकांक में शीर्ष तीन स्थान का खाली रह जाना यह बोध कराता है कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में कोई भी देश संतोषजनक प्रदर्शन नहीं कर रहा है।
3 -इस सूचकांक के मूल्यांकन के लिए चार आधारों का उपयोग किया जाता है,जिसमें प्रति व्यक्ति ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन,नवीकरणीय ऊर्जा की प्रगति,प्रति व्यक्ति ऊर्जा उपभोग और जलवायु नीति शामिल है।
4 -इस सूचकांक में भारत 10वें स्थान पर है जबकि पिछले वर्ष भारत सातवें स्थान पर था
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

18 -निम्न कथनो पर विचार करो -
1 -मीथेन उत्सर्जन में प्राकृतिक स्रोतों की हिस्सेदारी 64 %के लगभग है
2 -मीथेन उत्सर्जन में मानवीय स्रोतों की हिस्सेदारी 36 %के लगभग है
3 -आर्द्रभूमि, दीमक और महासागर मीथेन उत्सर्जन के प्राकृतिक स्रोत हैं।
4 -जीवाश्म ईंधन,पशुपालन,लैंडफिल और अपशिष्ट,बायोमास जलाना ,चावल की खेती और जैव ईंधन मीथेन उत्सर्जन केमानवीय स्रोत हैं।
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

19-एक स्वैच्छिक और गैर-बाध्यकारी वैश्विक मीथेन संकल्प-पत्र पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) की किस बैठक में निर्णय लिया गया?
(a) कॉप-26
(b) कॉँप-27
(c) कॉप-28
(d) कॉप-29

20 -निम्न कथनो पर विचार करो –
1-गैर-बाध्यकारी वैश्विक मीथेन संकल्प-पत्र में 2030 तक मीथेन के उत्सर्जन में तीस फीसदी की कमी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।
2-चीन, रूस और भारत ने इस संकल्प-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए है
3-आईपीसीसी के मुताबिक, ग्रीनहाउस गैसों में कॉर्बन डाइऑक्साइड के बाद मीथेन, ग्लोबल वार्मिंग की दूसरी सबसे बड़ी योगदानकर्ता गैस है।
4-मीथेन का ऑक्सीकरण, जमीनी स्तर पर ओजोन (धुंध) के लिए जिम्मेदार है, जो एक हानिकारक वायु प्रदूषक है।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

21 -भारत ने सीओपी-26 सम्मेलन में घोषित 'पंचामृत' पहल में कौन -कौन से लक्ष्य निर्धारित किए है?
1 -2030 तक गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावाट तक ले जाना
2 -2030 तक अपनी ऊर्जा जरूरतों का 50 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त करना
3 -2030 तक कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन में एक अरब टन की कमी करना
4 -2030 तकअर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता को 45 प्रतिशत से कम करना
5 -2070 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करना
उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल 1 ,2 , 3
(b) केवल 2 ,3 ,4
(c) केवल 3 ,4 ,5
(d) सभी सही है

22 -बहुचर्चित DeepSeekके संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो –
1 -DeepSeek चीन का एक नया AI मॉडल है जिसे 2023 में लियांग वेनफेंग ने हांग्जो स्थित इसी नाम की एक रिसर्च लैब ने डेवलप किया है।
2 -ऑस्ट्रेलिया, इटली और ताइवान ने इस प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा दिया है क्योकि इसमें सभी यूजर डेटा चीन में स्थित सर्वरों पर स्टोर किया जाता है
उपरोक्त में से सही है –

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) दोनों सही है
(d) कोई सही नहीं है

लक्ष्य IAS
keeping its promise of excellence

23 - 'डीप स्टेट' से अभिप्राय है –
(a) सत्ता का गोपनीय और अनधिकृत नेटवर्क जो देश के राजनीतिक नेतृत्व से अलग रहकर अपने एजेंडे और लक्ष्य के लिए काम करता रहता है।
(b) नौकरशाही का सत्ता द्वारा दुरूपयोग
(c) सत्ता के दो केंद्र
(d) निरकुंश सत्ता

24 - समाचारों में उल्लिखित पद 'टू-स्टेट सॉल्यूशन' किसकी गतिविधियों के संदर्भ में आता है ?
(a) चीन
(b) इज़राइल
(c) इराक
(d) यमन

25 - प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:-
1 -यह श्रम और रोज़गार मंत्रालय की प्रमुख योजना है।
2 -यह अन्य बातों के अलावा सॉफ्ट स्किल्स, उद्यमिता, वित्तीय और डिजिटल साक्षरता में प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा।
3 -इसका उद्देश्य देश के अनियमित कार्यबल की दक्षताओं को राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढाँचे के अनुरूप बनाना है।
उपरोक्त में से सही है -
a) केवल 1 और 3

(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

26 -deflation (मुद्रा अपस्फीति) से लड़ने के लिए क्या करना होगा -
1 -production को घटना होगा।
2 demand को बढ़ाना होगा इसके लिए टैक्स में छूट देनी होगी सब्सिडी बढ़ानी होगी ।
3 -सरकारी खर्च को बढ़ाना होगा।
उपरोक्त में से सही है -
a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

27 -A decrease in tax to gdp ratio of a country indicates -
1 -slowing economy growth rate (वृद्धि दर में कमी)
2 -less equitable distribution of national income (राष्ट्रीय आय का असमान वितरण )
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) दोनों सही है
(d) कोई सही नहीं

28 - निम्नलिखित में से कौन-सा/से भारत सरकार के 'हरित भारत मिशन' के उद्देश्य को सर्वोत्तम रूप से वर्णित करता है/हैं?
1 -पर्यावरणीय लाभों एवं लागतों को केंद्र एवं राज्य के बजट में सम्मिलित करते हुए तद्द्वारा 'हरित लेखाकरण (ग्रीन अकाउंटिंग)' को अमल में लाना।
2 -कृषि उत्पाद के संवर्धन हेतु द्वितीय हरित क्रांति आरंभ करना जिससे भविष्य में सभी के लिये खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हो।
3 -वन आच्छादन की पुनप्राप्ति और संवर्धन करना तथा अनुकूलन एवं न्यनीकरण के संयुक्त उपायों से जलवायु परिवर्तन का प्रत्युतर देना
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

29 -यू० एन० ई० पी० द्वारा समर्थित 'कॉमन कार्बन मेट्रिक' को किसलिये विकसित किया गया है?
(a) संपूर्ण विश्व में भवन निर्माण कार्यों के कार्बन पदचिह्न का आकलन करने के लिये
(b) कार्बन उत्सर्जन व्यापार में विश्वभर की वाणिज्यिक कृषि संस्थाओं के प्रवेश हेतु अधिकार देने के लिये
(c) सरकारों को अपने देशों द्वारा किये गए समग्र कार्बन पदचिह्न के आकलन हेतु अधिकार देने के लिये
(d) किसी इकाई समय (यूनिट टाइम) में विश्व में जीवाश्मी ईंधनों के उपयोग से उत्पन्न होने वाले समग्र कार्बन पदचिह्न के आकलन के लिये

30 -कार्बन फ़ुटप्रिंट बढ़ने के पीछे कारण है -
1 -सीमेंट बनाना
2 -बिजली का इस्तेमाल करना
3 -परिपत्र अर्थव्यवस्था अपनाना
4 -भूमि साफ़ करना
5 -कच्चे माल का इस्तेमाल कम करना

उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल 1 ,2 , 3
(b) केवल 1 ,2 ,4
(c) केवल 3 ,4 ,5
(d) सभी सही है

31 -The Economics of Ecosystems and Biodiversity (TEEB) नामक पहल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करो -
1 -यह एक पहल है, जिसकी मेजबानी UNEP, IMF एवं विश्व आर्थिक मंच (World Economic Forum) करते हैं।
2 -यह एक विश्वव्यापी पहल है, जो जैव विविधता के आर्थिक लाभों के प्रति ध्यान आकर्षित करने पर केंद्रित है।
3 -यह ऐसा उपागम प्रस्तुत करता है, जो पारितंत्रों और जैव विविधता के मूल्य की पहचान, निदर्शन और अभिग्रहण में निर्णयकर्ताओं की सहायता कर सकता है।
उपरोक्त में से सही है
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

32-क्षुदग्रहों तथा धूमकेतु के बीच क्या अंतर होता है?
1-क्षुदग्रह लघु चट्टानी ग्रहिकाएँ (प्लेनेटॉयड) हैं, जबकि धूमकेतु हिमशीतित गैसों से निर्मित होते हैं जिन्हें चट्टानी और खनिज पदार्थ आपस में बाँधे रखता है।
2-क्षुद्रग्रह अधिकांशतः वृहस्पति और मंगल के परिक्रमा-पथों के बीच पाए जाते हैं, जबकि धूमकेतु अधिकांशतः शुक्र और बुध के बीच पाए जाते हैं।
3-धूमकेतु गोचर दीप्तिमान पुच्छ दर्शाते हैं, जबकि क्षुदग्रह यह नहीं दर्शाते।
उपरोक्त में से सही है –
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

33 - निम्न कथनो पर विचार करो –
1-सोडियम युक्त नमक के जरूरत से ज्यादा सेवन से रक्तचाप के साथ-साथ स्ट्रोक और हृदयाघात का खतरा बढ़ सकता है।
2-विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा तय मानक के अनुसार एक व्यस्क को हर दिन करीब पांच ग्राम या उससे कम नमक का सेवन करना चाहिए, जबकि सोडियम की मात्रा दो ग्राम प्रतिदिन से कम होनी चाहिए।
3 -उच्च रक्तचाप और हृदय सम्बन्धी बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए सोडियम युक्त नमक की जगह पोटेशियम युक्त नमक का सेवन करना चाहिए
4-एक औसत भारतीय हर दिन आठ ग्राम नमक का सेवन कर रहा है।
उपरोक्त में से सही है –
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

34-वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट 2024 के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो -
1 -ग्रामीण भारत में 2006 से निजी स्कूलों में नामांकन लगातार बढ़ रहा है ।निजी स्कूलों में नामांकित 6-14 वर्ष के बच्चों का अनुपात 2006 में 18.7 प्रतिशत से बढ़कर 2014 में 30.8 प्रतिशत हो गया और 2018 में भी उसी स्तर पर बना रहा।

लक्ष्य IAS
keeping its promise of excellence

2 -सरकारी स्कूलों में नामांकित 6-14 वर्ष के बच्चों का अनुपात 2018 में 65.6 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 72.9 प्रतिशत हो गया। यह संख्या 2024 में वापस 66.8 प्रतिशत पर आ गई है ।
3 -14-16 आयु वर्ग के 82 प्रतिशत से अधिक बच्चे स्मार्टफोन का उपयोग करना जानते हैं, लेकिन उनमें से केवल 57 प्रतिशत ही इसका उपयोग शैक्षिक उद्देश्यों के लिए करते हैं
4- 3-5 साल के बच्चों का आंगनवाड़ी और प्रीस्कूलों में नामांकन बढ़ा ह
5 - यह रिपोर्ट ग्रामीण और शहरी भारत के स्कूली बच्चों के सीखने के नतीजों का आकलन करती है
उपरोक्त में से सही है –
(a) केवल 1, 2, 3, 4
(b) केवल 1, 2, 4
(c) केवल 3, 4 ,5
(d) सभी सही है

35 -निम्नलिखित पर विचार कीजिये:-
1 -कार्बन मोनोक्साइड
2 –मीथेन
3 –ओज़ोन
4- सल्फर डाइ ऑक्साइड
फसल/जैव मात्रा के अवशेषों के दहन के कारण वायुमंडल में उपर्युक्त में से कौन-से निर्मुक्त होते हैं?
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

36 -मजारग्यूज युद्ध कब्रिस्तान स्थित है-
(a) ब्रुसेल्स
(b) मार्सिले
(c) पेरिस
(d) लंदन

लक्ष्य IAS
keeping its promise of excellence

37 -"टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (THAAD)" क्या है?
(a) इज़रायल की एक रडार प्रणाली
(b) भारत का घरेलू मिसाइल प्रतिरोधी कार्यक्रम
(c) अमेरिकी मिसाइल प्रतिरोधी प्रणाली
(d) जापान और दक्षिण कोरिया के बीच एक रक्षा सहयोग

38 –lasperyres formula से निम्न में से किस -किस को तय किया जाता है?
1 - उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI)
2- थोक मूल्य सूचकांक (WPI)
3 - IIP(industries index price)
4- GDP
उपरोक्त में से सही है -
a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2, 4
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

39 -which of the following bring out the CPI number for industrial workars-
(a) RBI
(b) the department of economic affaires
(c) the labour bureau
(d) the department of personal and tranning

40 -निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1 -भारत में ऐसा कोई कानून नहीं है जो प्रत्याशियों को किसी एक लोकसभा चुनाव में तीन निर्वाचन-क्षेत्रों से लड़ने से रोकता है।
2 -वर्तमान नियमों के अनुसार, यदि कोई प्रत्याशी किसी एक लोकसभा चुनाव में कई निवार्चन-क्षेत्रों से चुनाव लड़ता है, तो उसकी पार्टी को उन निर्वाचन-क्षेत्रों के उप-चुनावों का खर्च उठाना चाहिये, जिन्हें उसने खाली किया है बशर्ते वह सभी निर्वाचन-क्षेत्रों से विजयी हुआ हो।
उपरोक्त में से सही है –
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) दोनों सही है
(d) कोई सही नहीं

41 -लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (RP अधिनियम, 1951) के अनुसार निम्न कथनो पर विचार करो
1 -यदि किसी व्यक्ति को किसी अपराध का दोषी पाया जाता है और दो वर्ष या उससे अधिक के कारावास की सज़ा सुनाई जाती है तो वह कारावास की अवधि के दौरान और रिहाई के बाद छह वर्ष तक चुनाव लड़ने के लिये अयोग्य हो जाता है।
2 -निर्वाचन आयोग (EC) किसी दोषी व्यक्ति की अयोग्यता अवधि को समाप्त कर सकता है या कम कर सकता है।
3 -किसी भी वर्तमान सांसद/विधायक को दोषसिद्धि होने पर तत्काल अयोग्य घोषित कर दिया जाता है।
4-विचाराधीन कैदी चुनाव लड़ने के लिये अयोग्य होता है
उपरोक्त में से सही है –
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

लक्ष्य IAS
keeping its promise of excellence

42 -निम्न अभिलेखों को कालक्रम में व्यवस्थित कीजिए -
1 -बहिस्तून अभिलेख
2 -बोग्जकुई अभिलेख
3 -नक्शे रुस्तम अभिलेख
4 -पर्सिपोलिस अभिलेख
(a) 1 ,2 ,3 ,4
(b) 2 ,1 ,4 ,3
(c) 4 ,3 ,1 ,2
(d) 2 ,4, 3 ,1

43 -ईस्ट -इंडीज के शैलेन्द्र वंशीय शासको के किन निम्न भारतीय राजवंशो के साथ गहरे संबंध थे?
1 -वेंगी के चालुक्य
2 –चोल
3 –पाल
4 –पाण्ड्य
उपरोक्त में सही है –
(a) केवल 1
(b) केवल 1, 2
(c) केवल 2, 3
(d) केवल 3, 4

44 -लोकसभा की कार्यवाही का कितनी भाषाओ में रूपांतरण किया जाता है?
(a) 22

(b) 16
(c) 10
(d) केवल 2

45 -निम्न मंदिरो को कालानुक्रम में व्यवस्थित करो –
1 -ऐरावतेश्वर मन्दिर
2 -गंगैकोंडचोलपुरम मन्दिर
3 -महाबलीपुरम मंदिर
4 -वैंकुंठ पेरुमल मंदिर
सही कूट है –
(a) 1 ,2 ,4 ,3
(b) 2 ,3 ,1 ,4
(c) 3 ,4 ,2 ,1
(d) 4, 1,3, 2

46 -निम्न कथनो पर विचार करो –
1 -फिल्टर फीडर एक ऐसा जीव है जो पानी से प्लवक या कार्बनिक पदार्थ जैसे छोटे कणों को छानकर भोजन प्राप्त करता है।
2-सीप (ऑयस्टर) और हंपबैक व्हेल निस्यंदक भोजी (फिल्टर फीडर) जीव है ।
3-सीप (ऑयस्टर) पानी से अतिरिक्त नाइट्रोजन निकालने में मदद करते है ।
उपरोक्त में से सही है –
(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1,2 और 3

47-'किसान क्रेडिट कार्ड' योजना के अंतर्गत, निम्नलिखित में से किन-किन उद्देश्यों के लिये कृषकों को अल्पकालीन ऋण उपलब्ध कराया जाता है?
1-फार्म परिसंपत्तियों के रख-रखाव हेतु कार्यशील पूंजी के लिये
2-कंबाइन कटाई मशीनों, ट्रैक्टरों एवं मिनी ट्रकों के क्रय के लिये
3-फार्म परिवारों की उपभोग आवश्यकताओं के लिये
4-फसल कटाई के बाद खर्चों के लिये
5-परिवार के लिये घर निर्माण तथा गाँव में शीतागार सुविधा की स्थापना के लिये।
उपरोक्त में से सही है –
(a) केवल 1, 2 और 5
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3, 4 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

48-निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये
1 –डेनमार्क
2 –जापान
3 -रूसी संघ
4 -यूनाइटेड किंगडम
5 -संयुक्त राज्य अमेरिका
उपर्युक्त में से कौन 'आर्कटिक परिषद्' के सदस्य हैं?
(A) 1, 2 और 3
(B) 2, 3 और 4
(C) 1, 4 और 5
(D) 1, 3 और 5

49 -निम्न में से किसने1901 में अवयस्क विवाह संरक्षण अधिनियम पारित किया जिसने राज्य में विवाह योग्य उम्र लड़कियों के लिए 12 और लड़को के लिए 16 निर्धारित किया?
(a) इंदौर के होल्कर
(b) नागपुर के भोंसले
(c) कोल्हापुर के भोसले
(d) बड़ौदा के गायकवाड़

50 -दक्षिण ध्रुव पर स्थित एक कण डिटेक्टर 'आइसक्यूब' के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: -
1-यह विश्व का सबसे बड़ा न्यूट्रीनो डिटेक्टर है जिसमें एक क्यूबिक किलोमीटर बर्फ शामिल है।
2-यह डार्क मैटर की खोज के लिये एक शक्तिशाली दूरबीन है।
3-यह बर्फ में गहराई तक दबा हुआ है।
उपरोक्त में सही है –
a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

लक्ष्य IAS
keeping its promise of excellence